

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## <u>दैनिक विवरणिका</u>

**संख्या–01** **शुक्रवार, दिनांक–28 फरवरी, 2025 ई०।**

**माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:38 बजे अप०तक।**

**[1]** **<u>अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन</u>** :–(यथा संलग्न)

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि दोनों सदन के सदस्यों के सह–समवेत उपस्थिति में माननीय राज्यपाल महोदय का अभिभाषण विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में होगा। माननीय राज्यपाल महोदय का स्वागत करने और उन्हें सेन्ट्रल हॉल तक लाने वह विस्तारित भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर जायेंगे। माननीय मुख्यमंत्री और माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग भी इस हेतु निर्धारित स्थल पर आयेंगे। इस बीच उन्होंने सभी माननीय सदस्यों से सेन्ट्रल हॉल में अपना–अपना स्थान ग्रहण करने एवं माननीय राज्यपाल के अभिभाषण की समाप्ति के पश्चात पुनः सभावेश्म में अपना–अपना स्थान ग्रहण कर लेने का आग्रह किया।

इसके उपरान्त सभा की कार्यवाही सेन्ट्रल हॉल में हुई। एक औपचारिक शोभा यात्रा के साथ माननीय राज्यपाल सेन्ट्रल हॉल में आए। माननीय राज्यपाल के आसन ग्रहण करने के पूर्व राष्ट्रीय धुन बजाया गया। सभा सचिव द्वारा माननीय राज्यपाल से दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित करने का अनुरोध किया गया।

तत्पश्चात् माननीय राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया।

माननीय राज्यपाल महोदय के भाषण की समाप्ति के पश्चात् पुनः राष्ट्रीय धुन बजाया गया। इसके बाद माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सभापति महोदय, बिहार विधान परिषद्, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग शोभा यात्रा के साथ माननीय राज्यपाल महोदय को सेन्ट्रल हॉल से बाहर तक विदा करने गए। माननीय राज्यपाल महोदय को विदा करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने पुनः सभा वेश्म में आसन ग्रहण किया।

**[2]** **<u>अध्यासी सदस्यों का मनोनयन</u>** :–

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के चतुर्दश सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया गया :–

i. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, स०वि०स०
ii. श्री दामोदर रावत, स०वि०स०
iii. श्री विजय शंकर दूबे, स०वि०स०
iv. श्री भूदेव चौधरी, स०वि०स०

v. श्रीमती ज्योति देवी, स०वि०स०

**[3] कार्यमंत्रणा समिति का गठनः–**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के चतुर्दश सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया :–

| | | |
|---|---|---|
| i. | अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | सभापति |
| ii. | श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | सदस्य |
| iii. | श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री | सदस्य |
| iv. | श्री विजय कुमार सिन्हा, उप मुख्यमंत्री | सदस्य |
| v. | श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य | सदस्य |
| vi. | श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, उर्जा | सदस्य |
| vii. | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल | सदस्य |
| viii. | श्री शकील अहमद खाँ, स०वि०स० | सदस्य |

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

(i) श्री नरेन्द्र नारायण यादव, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा
(ii) श्री आलोक कुमार मेहता, स०वि०स०
(iii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(iv) श्री राम रतन सिंह, स०वि०स०
(v) श्री अजय कुमार, स०वि०स०
(vi) श्रीमती ज्योति देवी, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

**[4] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :–**

सप्तदश बिहार विधान सभा के त्रयोदश सत्र में उदभूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्न पाँच विधेयकों का विवरण, जिसपर महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमति प्रदान की गयी है, को सभा सचिव द्वारा सदन पटल पर रखा गया :–

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग (संख्या–4) विधेयक, 2024 | 07.12.2024 |
| 2. | बिहार खेल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 | 07.12.2024 |
| 3. | बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 | 07.12.2024 |
| 4. | बेतिया राज की संपत्तियों को निहित करने वाला विधेयक, 2024 | 10.12.2024 |
| 5. | बिहार सरकारी परिसर (आवंटन, किराया, वसूली एवं बेदखली) (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.12.2024 |

**[5] आर्थिक सर्वेक्षण का उपस्थापन :–**

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा वर्ष 2024–25 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति को सदन पटल पर रखा गया।

**[6] <u>शोक प्रकाश</u> :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

i. स्व० गणेश पासवान, पूर्व स०वि०स०
ii. स्व० मनोरमा सिंह, पूर्व स्दस्य, लोक सभा
iii. स्व० बैरागी उरांव, पूर्व स०वि०स०
iv. स्व० कृष्णानंद झा, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
v. स्व० विशुन देव राय, पूर्व स०वि०प०
vi. स्व० प्रमोद कुमार सिंह, पूर्व स०वि०स०
vii. स्व० विश्वनाथ सिंह, पूर्व स०वि०स०
viii. स्व० तेज नारायण यादव,पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
ix. स्व० कामेश्वर चौपाल, पूर्व, स०वि०स०
x. स्व० मिथलेश प्रसाद यादव, पूर्व स०वि०स०

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बन्धित शोकाकुल परिवारों के पास उनके एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक–03 मार्च, 2025 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–28.02.2025

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।